**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**30.07.2025/प्रादेशिक समाचार/1945 बजे**

**मुख्य समाचार**

- प्रदेश मंत्रिमण्डल ने करूणामूलक आधार पर 5 सौ पद भरने का लिया निर्णय– शिमला नर्सिंग कॉलेज और टांडा मैडिकल कॉलेज में बी.एस.सी. नर्सिंग की सीटें बढ़ाई।
- राज्य सरकार द्वारा अधिकांश मांगें मानने के बाद पथ परिवहन निगम के चालक–परिचालक यूनियन ने वापिस लिया आंदोलन– पहले की तरह देंगे सेवाएं।
- सांसद सुरेश कश्यप ने केन्द्र सरकार से पांवटा साहिब–कालाअंब रेल लाईन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का किया आग्रह।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में उठाया दिव्यांग बच्चों की शिक्षा का मुद्दा, सरकार ने कहा– समावेशी शिक्षा तंत्र को किया गया मज़बूत।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा रूक–रूक कर जारी– अगले 24 घंटों में अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट।

**मंत्रिमण्डल**

प्रदेश मंत्रिमण्डल ने करूणामूलक रोज़गार नीति में संशोधन को मंजूरी देते हुए करूणामूलक आधार पर 5 सौ पद भरने का निर्णय लिया है। आज शिमला में मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू की अध्यक्षता में हुई मंत्रिमण्डल की बैठक में ये निर्णय लिया गया। संशोधित नीति के अनुसार प्रति परिवार वार्षिक आय पात्रता मापदण्ड को अढ़ाई लाख रूपए से बढ़ाकर 3 लाख रूपए किया गया है और करूणामूलक आधार पर नियुक्ति के लिए 45 वर्ष से कम आयु की विधवाओं और अभिभावक विहीन आवेदकों को प्राथमिकता दी जाएगी। मंत्रिमण्डल की बैठक में लिए गए निर्णयों की जानकारी देते हुए उद्योग मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि कर्तव्यों के निर्वहन के दौरान जान गंवाने वाले सरकारी कर्मचारियों के आश्रितों को भी नौकरी में वरीयता मिलेगी।

***आज कैबिनेट में फैसला लिया है कि बीएससी नर्सिंग की जो सीट से एसवीएनजीएमसी शिमला में 60 से बढ़कर के उसको 100 किया गया है और डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद मेडिकल कॉलेज कांगड़ा टांडा की जो जी एन एम की सीट से उसकी 30 से बढा करके जो है वह 60 किया गया है। इसी तरह से बोरिंग लिमिट जो है हिमाचल प्रदेश पावर कॉरपोरेशन की जो 5000 करोड रुपए की थी उसको कैबिनेट ने आज बढ़ाकर के 6200 करोड रुपए जो है किया है । हम ऊर्जा के पास जो है वह लगभग 172 प्रोजेक्ट हम ऊर्जा के पास हैं उन्हें 20 से 25 साल से जो अलॉटेड प्रोजेक्ट्स थे आज कैबिनेट जो है एग्रीमेंट्स को कैंसिल करने के आदेश दिए।***

हर्षवर्धन चौहान ने बताया कि राजकीय नर्सिंग कॉलेज शिमला में बी.एस.सी. नर्सिंग की सीटों को 60 से बढ़ाकर एक सौ करने को मंजूरी दी गई है। इसके अलावा टांडा मैडिकल कॉलेज में 60 सीटों की वार्षिक क्षमता वाले नए बी.एस.सी. नर्सिंग कॉलेज की स्थापना का निर्णय भी लिया गया और इसमें विभिन्न श्रेणियों के 27 पद भरे जाएंगे।

बैठक में राज्य ऊर्जा निगम की कर्ज सीमा को 5 हज़ार करोड़ रूपए से बढ़ाकर 6 हज़ार 2 सौ करोड़ रूपए करने को मंजूरी प्रदान की गई है। इसके अलावा हिम ऊर्जा के पास कई वर्षों से लंबित पड़ी एक सौ 72 बिजली परियोजनाओं को रद्द कर दिया गया है। भविष्य में 5 मैगावॉट तक की जो भी परियोजनाएं दी जाएंगी उन पर 12 फीसदी मुफ्त बिजली रॉयल्टी और एक फीसदी स्थानीय विकास कोष के लिए देना अनिवार्य होगा।

***सबसे बड़ा जो फैसला किया गया है कंपैशनेट ग्राउंड की नौकरी में क्योंकि पहले जो है जो इनकम क्राइटेरिया रखा था वह ढाई लाख रुपए का साल में उसको बड़ा करके ₹300000 रुपए सालाना किया है। कैबिनेट ने आज 500 पोस्टें कंपेशनेट ग्राउंड के आधार पर स्वीकृत है। जिसमें लगभग सभी विधवाएं हैं जो अनाथ बच्चे हैं और बहुत सारे जो लोग हैं जो अगर कैटिगरीज के हैं और उनको जल्द हिमाचल सरकार द्वारा जो वो नौकरी जो है दी जाएगी।***

मंत्रिमण्डल ने दुकानों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में महिला कर्मियों को शाम 7 बजे से सुबह 7 बजे तक नाईट शिफ्ट में काम करने को भी अनुमति प्रदान की। इसके अलावा मंत्रिमण्डल की बैठक में प्रदेश हित से जुड़े कई निर्णय लिए गए।

**एच.आर.टी.सी.**

राज्य सरकार द्वारा हिमाचल पथ परिवहन निगम के कर्मचारियों की अधिकांश मांगें मानने के बाद चालक व परिचालक यूनियन ने अपना आंदोलन समाप्त करने का निर्णय लिया है। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री के साथ हुई बैठक के बाद यूनियन ने ये फैसला लिया। चालक परिचालक यूनियन के अध्यक्ष मान सिंह ठाकुर ने शिमला में पत्रकारों से बातचीत में बताया कि उपमुख्यमंत्री ने 2 सौ 5 चालकों को वरिष्ठ चालक का पद नाम, 6 महीने का चिकित्सा प्रतिपूर्ति भत्ता, नई वर्दी के पैसे और सभी वित्तीय देनदारियां दो से तीन महीने के भीतर प्रदान करने का आश्वासन दिया है। उन्होंने कहा कि अब चालक व परिचालक पहले की तरह ही अपनी सेवाएं देंगे।

***माननीय उप मुख्यमंत्री महोदय जी ने हमें आ�वस्त कराया है कि आपको सैलरी पहली तारीख को मिलेगी। माननीय उपमुख्यमंत्री महोदय जी जो बोलते हैं वो करते हैं, ये दो महीने का ओवर टाइम नाइट मिलेगा हमें ये जो स्टार्टिंग से देंगे, उसके बाद जो 150 करोड़ रूपये निगम प्रबंधन को निर्देश दिए हैं। कल ही इन्होंने अपने कागज पत्र जो है वो दे दिए हैं और बात भी हो गई है 150 करोड़ जब मिलेगा तो 50000 एरीयर की किस्त जो 76 करोड़ बनता है, उसके बाद आपका मेडिकल रिवर्समेंट 8 या 10 करोड़ बनेगा, हमारी लगभग***

***सारी मांगों को मान लिया गया है तो अब गेट मीटिंग भी आज से बंद करेंगे और एक आठ से अब आठ घंटे भी करेंगे जैसे हम पहले ड्यूटी करते थे उसी तरीके से अब ड्यूटी करेगें।***

**सुरेश कश्यप**

सांसद सुरेश कश्यप ने आज लोकसभा में पांवटा साहिब–कालाअंब रेललाइन का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि इस रेलवे लाइन का प्रारंभिक सर्वे वर्ष 2022 में पूरा कर लिया गया है और उसकी रिपोर्ट रेलवे बोर्ड को सौंपी गई है। सुरेश कश्यप ने केन्द्र सरकार से आग्रह किया कि पांवटा साहिब और कालाअंब क्षेत्र को जल्द रेल लाइन से जोड़ा जाए क्योंकि यहां बड़ी संख्या में औद्योगिक इकाईयां स्थापित हैं। उन्होंने कहा कि रेल लाइन के निर्माण से जहां उद्योगों को माल ढुलाई में मदद मिलेगी वहीं स्थानीय लोगों को भी रेल सुविधा मिलेगी।

**सिकंदर कुमार**

केन्द्रीय शिक्षा राज्य मंत्री जयंत चौधरी ने कहा है कि केन्द्र सरकार विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की ज़रूरतों को समझती है और इसकी पूर्ति के लिए कई कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सांसद डॉक्टर सिकंदर कुमार द्वारा आज राज्यसभा में इस संबंध में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने बताया कि इस पहल के तहत विभिन्न विभागों और संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। जयंत चौधरी ने कहा कि इन समझौता ज्ञापनों का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों के लिए समावेशी शिक्षा पारिस्थितिकी तंत्र को मज़बूत करना है। उन्होंने सिकंदर कुमार को बताया कि सरकार ने श्रवण बाधित बच्चों के लिए पीएम–ई–विद्या चैनल शुरू किया है जो इन बच्चों के लिए भारतीय सांकेतिक भाषा में शैक्षिक सामग्री प्रसारित करता है।

**राजीव भारद्वाज**

केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने कहा है कि हिमाचल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत अब तक लगभग 24 हज़ार 9 सौ 68 किलोमीटर लंबी सड़क परियोजनाएं मंजूर की गई हैं जिनमें से 22 हज़ार 3 सौ 80 किलोमीटर सड़कों का कार्य पूरा कर लिया गया है। सांसद डॉक्टर राजीव भारद्वाज के एक सवाल पर केन्द्रीय मंत्री ने लोकसभा में बताया कि योजना के चौथे चरण के अंतर्गत मार्च 2029 तक देश में 25 हज़ार गांवों को सड़क मार्ग से जोड़ने का लक्ष्य रखा गया है।

**मौसम**

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अनेक भागों में मॉनसून की वर्षा का क्रम आज भी रूक–रूक कर जारी रहा। भूस्खलन के कारण राज्य में अभी भी 2 सौ 89 सड़कें यातायात के लिए अवरूद्ध हैं। इसके अलावा 3 सौ 46 बिजली ट्रांसफार्मर और दो सौ 54 पेयजल योजनाएं भी ठप्प हैं। वर्षा से जुड़ी घटनाओं में राज्य में एक सौ 70 लोगों की मौत हो चुकी है जबकि 36 लोग लापता हैं। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटों में प्रदेश के कई ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट जारी किया है।

उधर, मण्डी ज़िले में पिछले दो दिनों में हुई भारी वर्षा के कारण ब्यास नदी का जलस्तर बढ़ गया है और नदी पर बने पंडोह बांध के पांचों गेट खोल दिए गए हैं। बांध से आज सुबह लगभग 40

हज़ार क्यूसिक पानी छोड़ा गया। इस समय बांध का जलस्तर लगभग 2 हज़ार 9 सौ 22 फुट है जो अभी खतरे के निशान से नीचे है। मण्डी के उपायुक्त अपूर्व देवगन ने लोगों से नदी–नालों से दूर रहने और प्रशासन व मौसम विभाग द्वारा जारी दिशा निर्देशों का पालन करने की अपील की है।

***लारजी और पण्डोह डेम, दोनों डैम से कंटीन्यूअस ताल मेल हमारा रहता है, किस तरीके से उनके पास इनफ्लो आ रहा है पानी का और कितना पानी में छोड़ रहे हैं और जो भी कल रात की बारिश में और पिछले दिनों बारिश में भी एश्योर किया गया कि सायरन के माध्यम से और गाड़ी के माध्यम से जो अनाउंसमेंट होती है मंडी शहर के आसपास, किसी किसी भी व्यक्ति को ध्यान रखना चाहिए व्यास नदी हो जाए छोटे नाले हो, चाहे छोटी नदियों सुकेती जैसे आपको दूर रहना आवश्यक है।***

## मुख्य समाचार एक बार फिर

- प्रदेश मंत्रिमण्डल ने करूणामूलक आधार पर 5 सौ पद भरने का लिया निर्णय– शिमला नर्सिंग कॉलेज और टांडा मैडिकल कॉलेज में बी.एस.सी. नर्सिंग की सीटें बढ़ाई।
- राज्य सरकार द्वारा अधिकांश मांगें मानने के बाद पथ परिवहन निगम के चालक–परिचालक यूनियन ने वापिस लिया आंदोलन– पहले की तरह देंगे सेवाएं।
- सांसद सुरेश कश्यप ने केन्द्र सरकार से पांवटा साहिब–कालाअंब रेल लाईन का निर्माण कार्य जल्द शुरू करने का किया आग्रह।
- सांसद सिकंदर कुमार ने राज्यसभा में उठाया दिव्यांग बच्चों की शिक्षा का मुद्दा, सरकार ने कहा– समावेशी शिक्षा तंत्र को किया गया मज़बूत।
- प्रदेश में मॉनसून की वर्षा रूक–रूक कर जारी– अगले 24 घंटों में अनेक ज़िलों में भारी वर्षा का यलो अलर्ट।